हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026

12 गेहूं की पेमेंट के लिए किसान हो रहे परेशान, बैंक में कैश नहीं



12 पीएम की अपील दरकिनार कर विदेश यात्रा पर निकले कांग्रेस विधायक




## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक


-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया

**महेंद्रगढ़** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया।आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।

**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**




जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)


## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा काबू

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी सलीम खान को 12 अक्तूबर 2026 को भगौड़ा घोषित किया था।

### संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर 17 को

**सिरसा।** संत निरंकारी मिशन की महम्मदपुरिया ब्रांच के मंगालिया गांव के संत निरंकारी सत्संग भवन में सतगुरु बाबा गुरबचन सिंह एवं अन्य बलिदानी संतों की याद में आगामी 17 मई, रविवार को रेडक्रॉस सोसायटी जिला सिरसा के सहयोग से व सिविल अस्पताल सिरसा के मार्गदर्शन में रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सत्संग भी होगा जिसकी अध्यक्षता बंसत कोमल प्रचारक लुधियाना करेंगे।

### मोटरसाइकिल सवार अफीम सहित काबू

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त के दौरान गांव गंगा क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएनसी स्टाफ प्रभारी रणजोध सिंह की टीम ने नशा तस्करी की रोकथाम के संबंध में गश्त पड़ताल के दौरान गांव मोडी क्षेत्र से बाइक सवार को शक के आधार पर काबू कर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से 82 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुशील कुमार के रुप में हुई।

### जेजेपी का जनसंपर्क अभियान 17 से

**सिरसा।** जन-जन अभियान के तहत युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 17 मई को हलका डबवाली के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करेंगे। पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि 17 मई को युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला अपना जनसंपर्क अभियान सुबह 11 बजे हलके के गांव घुकांवाली से आरंभ करेंगे।

डॉक्टर ने आरोपों को नकारते हुए 'सॉरी' फील की, फतेहाबाद से भूना डेपुटेशन पर भेजा

**सरकारी पॉलीक्लीनिक में भारी हंगामा**

# महिला स्टाफ ने डॉक्टर पर लगाए अश्लील भाषा व बदसलूकी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद शहर स्थित सरकारी पॉलीक्लीनिक में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब संस्थान में कार्यरत करीब 10 से अधिक महिला स्टाफ सदस्यों ने वहां तैनात एक वरिष्ठ डॉक्टर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। महिला कर्मचारियों ने अतिरिक्त एसएमओ डॉ. नरेंद्र पर दफ्तर के भीतर अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अमर्यादित व्यवहार करने के सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर पीड़ित महिला स्टाफ ने शुक्रवार को पहले मीडिया के सामने अपनी आपबीती रखी और उसके बाद कार्यकारी सीएमओ डॉ. बुधराम के कार्यालय पहुंचकर आरोपी डॉक्टर को जमकर खरी-खोटी सुनाई। महिलाओं ने सीएमओ को एक लिखित शिकायत सौंपकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। महिला स्टाफ द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सीएमओ द्वारा आरोपी डॉक्टर को डेपुटेशन पर भूना सीएचसी भेजा गया है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित महिला कर्मचारी इस कार्यालय में वर्ष 2013 से विभिन्न पदों पर ईमानदारी से सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. नरेंद्र ने इसी महीने 1 मई को पॉलीक्लीनिक में अतिरिक्त एसएमओ के रूप में कार्यभार संभाला था।



फतेहाबाद। डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाती पॉली क्लीनिक महिला स्टाफ सदस्य व सफाई देते डॉक्टर। फोटो: हरिभूमि

### आरोपी डॉक्टर को भेजा भूना

इस मामले में कार्यकारी सीएमओ डॉ. बुधराम ने कहा कि महिला स्टाफ द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर उन्होंने डॉ. नरेन्द्र से बात की थी। डॉ. नरेन्द्र का कहना है कि उनकी गलत इंटेंशन नहीं थी। इसके बावजूद महिला स्टाफ सदस्यों ने साफ कहा कि वह इस डॉक्टर के साथ काम नहीं कर सकती। इसे देखते हुए डॉ. नरेन्द्र को डेपुटेशन का भूना सीएचसी भेजा गया है और उनके यहां से ट्रांसफर के लिए भी विभाग को लिखा जाएगा।

### डॉक्टर की सफाई : भावनाओं को ठेस पहुंची तो सॉरी

इन गंभीर और तीखे आरोपों पर जब आरोपी डॉ. नरेंद्र से उनका पक्ष जाना गया, तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे केवल व्यवस्था सुधारने का प्रयास बताया। डॉ. नरेंद्र ने कहा कि यहां काम करने वाली सभी महिलाएं मेरी छोटी-बड़ी बहनों जैसी हैं। मैं यहाँ के पूरे स्टाफ को अपने फैमिली मेंबर की तरह मानता हूँ। मेरा एकमात्र इरादा यहां की चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार लाना था। इसके बावजूद, अगर मेरी किसी बात से इनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए सॉरी फील करता हूँ।

### डॉ. नरेंद्र पर अश्लील व्यवहार के आरोप

महिला स्टाफ ने डॉ. नरेंद्र पर बेहद गंभीर और अशोभनीय आरोप लगाए हैं। शिकायत के मुताबिक, डॉक्टर ने महिला स्टाफ के साथ बातचीत के दौरान सेक्स, सेक्सुअल रिलेशंस और मेल-फीमेल रिलेशंस को लेकर बार-बार अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। आरोप है कि ओपीडी पर्ची के अन्य जरूरी बिंदुओं को छोडक़र डॉक्टर का पूरा ध्यान परिवार नियोजन के कॉलम पर गया। उन्होंने महिला स्टाफ के सामने बार-बार कंडोम शब्द का इस्तेमाल किया और पूछा कि क्या उन्हें इसके सही इस्तेमाल का तरीका पता है। महिला स्टाफ के चुप रहने पर डॉक्टर ने कथित तौर पर कहा, यदि पता है तो बताओ, नहीं तो मैं डेमो देता हूं। आप सबको पता है पर कोई बताना नहीं चाहता, इस बारे में खुलकर बात करो। महिलाओं ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने एक महिला कर्मी की सीट पर बैठकर ओपीडी स्लिप हाथ में ली और गलत लहजे में कहा, क्या मजेदार पर्ची है, हाथ में लेते ही अच्छी लग रही है। इसके बाद पर्ची पर लिखे शब्दों को लेकर काफी देर तक अश्लील और अशोभनीय बातें की गई। पॉलीक्लीनिक की महिला कर्मचारियों का कहना है कि आरोपी डॉक्टर के इस रवैये के कारण पूरा महिला स्टाफ दफ्तर में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अगर इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो दफ्तर में उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी।



सिरसा। तीर्थ यात्रा ट्रेन को रवाना करते सीएम नायब सैनी। फोटो: हरिभूमि

## गुरु गोबिंद सिंह ने दुनिया को दिया अमर संदेश: सीएम सैनी

- तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए चलाई गई तीर्थ यात्रा ट्रेन को किया रवाना
- सिख इतिहास के संरक्षण व संर्वद्धन के लिए सरकार उठा रही ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने संसार को अमर संदेश दिया और उनकी पवित्र वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। हरियाणा सरकार उन्हीं की शिक्षाओं पर अमल करते हुए समाज व राष्ट्र की बेहतरी के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए चलाई गई यह विशेष ट्रेन पूरे देश को गुरुओं की शिक्षाओं से जोडऩे का काम करेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिरसा के रेलवे स्टेशन पर तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए तीर्थ यात्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा, सदस्य बलजीत सिंह दादूवाल, पूर्व चेयरमैन जगदीश चोपड़ा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग भी उपस्थित थे।

### तीर्थ यात्रा रवाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीर्थ यात्रा गुरु के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिरसा गुरुओं की नगरी है और 1706 में गुरु गोबिंद सिंह तलवंडी से दक्षिण के लिए चलते हुए सिरसा के पवित्र भूमि पर कुछ समय के लिए रूके थे, जिसकी याद गुरुद्वारा चिल्ला साहिब दिलाता है। उन्होंने कहा कि नांदेड़ साहिब वह पवित्र भूमि है जहां गुरु गोबिंद सिंह ज्योति-ज्योति समा गए और यहीं से गुरु गोबिंद सिंह ने पूरी दुनिया को अमर संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह की पवित्र वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। इस तरह की तीर्थ यात्राओं से श्रद्धालु नई ऊर्जा लेकर लौटता है।

## रतिया के सर्व समाज ने सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ थाने में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल के विरुद्ध की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है। इस मामले को लेकर रतिया के सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर बीजेपी की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सिटी थाना में एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत सौंपी है। इस अवसर पर सर्वसमाज रतिया से मोहन लाल भाम्भू, रामस्वरूप, विजय कुमार, राधेश्याम, हरि सिंह, मोहित, संदीप कुमार, अर्शदीप, प्रमोद कुमार, प्रेमपाल, सुखविन्द्र सिंह, रमेश, बंसीलाल, सुरेन्द्र कुमार, मलकियत सिंह, नरोतम, सतपाल, हर्ष, रोहताश सहित सर्व समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे और हस्ताक्षरित पत्र सौंपकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। पुलिस को दी शिकायत में सर्व समाज के लोगों ने कहा कि 24 अप्रैल 2026 को पंचकूला में आयोजित नगर निगम की एक चुनावी सभा के दौरान राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल के विरूद्ध बेहद अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।



रतिया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ शिकायत सौंपते सर्वसमाज के लोग।

### होटल संचालक पर महिलाओं ने लगाया देह व्यापार का आरोप

**सिरसा।** ऑटो मार्केट स्थित एक होटल में देह व्यापार का मामला सामने आया है। महिलाओं का आरोप है कि उनसे दबाव देकर गलत काम कराया गया। होटल संचालक ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। महिलाएं किसी तरह उनके चुंगल से छुटकर पुलिस थाने पहुंची। महिलाओं की शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस को दी शिकायत में महिलाओं ने आरोप लगाए कि उन्हें बहला-फुसलाकर होटल में खाना बनाने व सफाई के कार्य के लिए उन्हें बुलाया गया और उनके साथ होटल संचालक ने खुद और अन्य व्यक्तियों को बुलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी दी।

## श्मशान घाट से एक पक्ष उठा ले गया फूल, दूसरे ने पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/रतिया

गांव ढाणी बबनपुर में महिला की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर मायका और ससुराल पक्ष के बीच शुरू हुआ विवाद शुक्रवार को फिर गहरा गया। इस बार मामला मृतका की अस्थियां (फूल) उठाने को लेकर सामने आया। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग प्रशासन को बिना जानकारी दिए श्मशान घाट से अस्थियां ले गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, गांव ढाणी बबनपुर में पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या करने वाली 40 वर्षीय तरनजीत कौर का वीरवार को अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार के दौरान मायका और ससुराल पक्ष आमने-सामने आ गए थे और दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई की स्थिति बन गई थी। विवाद बढ़ने पर गुस्साए लोगों ने फतेहाबाद-बुढलाडा स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया था। बाद में दिव्यांशी सिंगला के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों को समझाया गया और प्रशासन की निगरानी में शहर के बुढलाडा रोड स्थित रामबाग श्मशान घाट में मृतका का अंतिम संस्कार कराया गया। प्रशासन ने दोनों पक्षों को शुक्रवार सुबह 10 बजे श्मशान घाट पहुंचकर अस्थियां लेने के लिए बुलाया था। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि जब वे तय समय पर पहुंचे तो पता चला कि ससुराल पक्ष के लोग पहले ही अस्थियां लेकर जा चुके थे। उनका कहना है कि बिना सहमति और बिना सूचना के अस्थियां ले जाने से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। मृतका के भाई अवतार ने ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और श्मशान घाट व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी।

## कुत्तों से मारपीट करने पर रोका तो एनीमल लवर के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

युवक के साथ मारपीट, धमकी देने तथा जबरन गलत काम करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान दीपक कुमार उर्फ सोनू पुत्र महेंद्र कुमार निवासी अशोक नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पशुओं, विशेषकर कुत्तों से प्रेम करता है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखने के बाद एक व्यक्ति को कुत्तों के साथ मारपीट न करने के लिए समझाने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने उसे जबरन बाइक पर बैठाकर ऑटो मार्केट ले जाकर धमकाया, मारपीट की तथा उससे जबरदस्ती बयान लिखवाकर हस्ताक्षर करवाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद आरोपी उसे एक अन्य स्थान पर ले गए, जहां उसके साथ मारपीट कर डराया-धमकाया गया तथा उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया गया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उससे 50 हजार रुपये भी मांगे और डर के माहौल में ऑनलाइन एक हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। घटना के बाद शिकायतकर्ता भयभीत हो गया। बाद में उसने अपने परिजनों को पूरी घटना के बारे में बताया, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

बस स्टैंड से अब सुबह 4:50 बजे चंडीगढ़ के लिए चलेगी बस, जीएम ने दिखाई हरी झंडी

## नाथूसरी चौपटा से चंडीगढ़ के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭चौपटा

नाथूसरी चौपटा बस स्टैंड से हरियाणा रोडवेज की चंडीगढ़ के लिए बस सेवा शुरू हो गई। चंडीगढ़ के लिए रोडवेज बस को शुक्रवार सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर रवाना किया गया।

बस को सिरसा के जीएम कुलदीप जागड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस स्टैंड से अब प्रतिदिन सुबह 4:50 बजे बस चंडीगढ़ के लिए चलेगी। चंडीगढ़ से वापसी में 12:48 बजे नाथूसरी चौपटा के लिए रवाना होगी। इसके बाद प्रतिदिन नाथूसरी चौपटा शाम को 8 बजकर 20 मिनट पर पहुंचेगी।



सिरसा। जीएम सिरसा चौपटा से चंडीगढ़ के लिए रोडवेज बस के हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मिलेगी सुविधा

चौपटा बस स्टैंड के इंचार्ज विक्रम सिंह ने बताया कि बस नाथूसरी चौपटा से चंडीगढ़ के लिए प्रतिदिन चलेगी। बस चौपटा से दड़बा कलां, सिरसा, फतेहाबाद, भूना, उकलाना, नरवाना, कैथल, पेहवा, अंबाला होते हुए चंडीगढ़ पहुंचेगी। इस मौके पर जीएम कुलदीप जागड़ा ने कहा कि चौपटा क्षेत्र के लोगों को इस सेवा से काफी फायदा मिलेगा। चंडीगढ़ में किसी कार्यवंश जाने वालों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

## एसआईआर: जून से शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

**708 बीएलओ 7 लाख 11 हजार 480 मतदाताओं का करेंगे सत्यापन**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों टोहाना, फतेहाबाद व रतिया विधानसभा क्षेत्र में जून से सितंबर, 2026 तक विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर का कार्य होगा जिसमें 711480 वोटरों का पूर्व एसआईआर की मतदाता सूची से मिलान किया जाएगा। इसके लिए 708 बीएलओ लगाए गए हैं। नायब तहसीलदार (चुनाव) राज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर की क्वालिफाइंग तिथि एक जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण 5 जून से 14 जून तक, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक, मतदान केंद्रों को रेशनलाइजेशन 14 जुलाई तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। दावे और आपतियां प्राप्त करने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक रहेगी जबकि दावे और आपतियों का निपटान 21 जुलाई से 18 सितंबर, 2026 तक किया जाएगा।




# माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

लाइफ Style

# आरती
## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गई



कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड ऐज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।

हॉलीवुड मसाला




# द बैटमैन 2 में स्कारलेट सेबेस्टियन शामिल

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशक मैट रीव्स ने द बैटमैनः पार्ट 2 की कास्ट में कई नए कलाकारों के शामिल होने की पुष्टि की है। ये घोषणाएं सोशल मीडिया पर की गईं, जहां रीव्स ने स्कारलेट जोहानसन, सेबेस्टियन स्टेन और चार्ल्स डांस का गोथम यूनिवर्स में स्वागत किया। यह घोषणा उन खबरों के सामने आने के कुछ महीनों बाद आई है जिनमें कहा गया था कि जोहानसन (ब्लैक विडो) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) इस सीक्वल में रॉबर्ट पैटिनसन के साथ जुड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, स्टैन हार्वे डेंट का किरदार निभाएंगे, जबकि जोहानसन कथित तौर पर उनकी पत्नी गिल्डा का किरदार निभाएंगी। यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में विंटर सोल्जर और ब्लैक विडो का किरदार निभाने वाले सितारों का रियूनियन होगा। वहीं दूसरी ओर, डांस हार्वे के पिता चार्ल्स डेंट का किरदार निभाएंगे।



# बारबरा ने की प्रेगनेंसी की घोषणा, पति डेलन भी दिखे साथ

**पेरिस।** मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का ऐलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशेल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली।



# रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा

**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया।




# गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास

**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है।

टीवी मसाला



# ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया था। इस फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को पसंद आया था।

## अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया।



इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं। लवीना टंडन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी की दुनिया में कदम रखा था। वह 2004 में तुम बिन जाऊं कहां से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

# अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी,



दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस फिल्म को राकेश डांग, वेदांत विकास बाली और फिरोज ए. नाडियाडवाला ने मिलकर निर्मित किया है।

# इस एक्ट्रेस ने किया 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई मल्टी टैलेंटेड स्टार रहे हैं, लेकिन किसी एक्ट्रेस का मल्टी टैलेंटेड होना और 2 हजार से ज्यादा फिल्मों में नजर आना किसी अजूबे से कम नहीं है। इतना ही नहीं, ब्रह्मानंदम ने भी 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, लेकिन 2000 से ज्यादा का आंकड़ा सिर्फ एक एक्ट्रेस ने ही छुआ है और उनका नाम है- सुकुमारी। सुकुमारी ने ना सिर्फ अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं ,बल्कि अपने 6 दशक से ज्यादा के कॅरियर में तकरीबन 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस ने अपनी मर्जी से डिक अम्माई (बोइंग बोइंग) से देवकी (अरप्पट्टा केट्टिया ग्रामथिल) का रूप धर सकती थीं। उनके लिए, रेवती (पूचक्कोरू मूककुथी) से सुलोचना थंकप्पन (थलयनामंत्रम) तक का सफर उतना ही आसान था, जितना मैगी आंटी (वंदनम) से कन्नप्पा चेकावर की पत्नी (ओरु वडक्कन वीरगाथा), सुभद्रा कुंजम्मा (चक्कीकोथा शंकरन), और नबीसा (मिझिकल साक्षी) तक का सफर।

## मुश्किल है ये रिकॉर्ड तोड़ना



**एक्ट्रेस की फिल्म देखने में लगेंगे 6 साल** : दिलचस्प बात है कि अगर आज से हम रोज सुकुमारी की एक फिल्म देखें तो उन्हें निपटाने में लगभग 6 साल का टाइम लग जाएगा। एक्ट्रेस ने मलयालम से लेकर तमिल, तेलुगु, ओड़िया, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

### 10 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर शुरुआत की

6 अक्टूबर, 1940 को जन्मी सुकुमारी ने महज 10 साल की उम्र में तमिल फिल्म 'ओर इरावु' (1951) से बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। निर्देशक पी. नीलकांतन ने उन्हें इस फिल्म में एक भूमिका का प्रस्ताव दिया, जब संयोगवश वे अपने एक रिश्तेदार- दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी ('त्रावणकोर सिस्टर्स' तिकड़ी में से एक) के साथ फिल्म के सेट पर मौजूद थीं और निर्देशक की नजर उन पर पड़ गई। डांस के लिए उनके जुनून और उनकी स्वाभाविक एक्टिंग स्टाइल ने उन्हें बहुत जल्द ही फिल्म जगत में एक प्रमुख हस्ती बना दिया। सुकुमारी एक बेहतरीन एक्टर तो थी ही साथ ही वे एक कमाल की डांसर भी थीं। भरतनाट्यम और कथकली पर उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके आंखों के एक्सप्रेशन दर्शकों को दिल जीत लेते थे।

## ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी

# इस दर्दभरे गाने के लिए रफी को लेने पड़े थे 47 रीटेक

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी एक ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी और सबको अपना दीवाना बना देती थी। आज तक उनके कुछ प्यार और दर्द भरे ऐसे गाने हैं जो जेन जी जनरेशन तक सुनती है और उसको अपनी लाइफ से रिलेट भी करती है। रफी साहब की आवाज की एक खास बात यह थी कि ऐसा लगता था कि वह सामने बैठकर आपके दिल का हाल बयां कर रहे हैं। वैसे तो मोहम्मद रफी पहले ही टेक में बड़े से बड़ा गाना गा देते थे, लेकिन एक ऐसा गाना था जिसे गाते हुए वह संतुष्ट ही नहीं हो रहे थे और इसके लिए उन्होंने 47 रीटेक तक ले लिए थे।

### एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी

बता दें कि फिल्म के बनते वक्त एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी। देव आनंद हालांकि एसडी बर्मन के साथ ही म्यूजिक डायरेक्ट करवाना चाहते थे इसलिए उन्होंने उनके ठीक होने का इंतजार किया और जैसे ही वह ठीक हुए इसके बाद उन्होंने कम्पोजिशन शुरू किया और फिर बेस्ट म्यूजिक दिया।




### रफी साहब के अवॉर्ड्स

मोहम्मद रफी ने अपने करियर में 7000 से ज्यादा गाने गाए हैं जिसमें से 14 इंडियन और 4 विदेशी गाने हैं। उनकी आवाज ने कई एक्टर्स को अपनी आवाज दी है और उनके करियर को नई पहचान दिलवाई है। इतना ही नहीं, रफी साहब को अपनी जादुई आवाज के लिए कई अवॉर्ड्स जीते हैं जिसमें 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और पद्मश्री अवॉर्ड भी जीते हैं।

### 2 भाषा में बनी थी यह फिल्म

गाइड फिल्म की बात करें तो यह देव आनंद की पहली कलर फिल्म थी। दिलचस्प बात यह है कि यह मूवी 2 भाषा में बनी है हिंदी और इंग्लिश वर्जन में। देव आनंद के छोटे भाई विजय आनंद ने इंग्लिश वर्जन लिखा था राइटर पर्ल एस बक के साथ और डायरेक्ट टेज डैनियलवेस्की ने किया है। हालांकि इंग्लिश वर्जन को ज्यादा हाइप नहीं मिला यहां, लेकिन 2007 कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन होने के बाद इसे पॉपुलैरिटी मिली। हालांकि, काफी मुश्किल था इस फिल्म को बनाना। ऐसा कहा जाता है कि पहले मेकर्स ने सोचा कि एक ही लोकेशन पर पहले हिंदी भाषा में शूट किया और फिर वहीं पर इंग्लिश भाषा में। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और फिर अलग-अलग शूटिंग की गई।

### गाइड फिल्म का दर्दभरा गाना

जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है 'दिल ढल जाए'। यह गाना गाइड फिल्म का है, जिसे मोहम्मद रफी ने गाया है। इस गाने के म्यूजिक डायरेक्टर एसडी बर्मन हैं। वहीं, शैलेंद्र ने लिरिक्स लिखे हैं।

### दिल टूटने पर बना है यह गाना

दिल ढल जाए गाना दिल टूटने के दर्द पर आधारित है। इस गाने में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान थीं। रफी साहब ने जब यह गाना गाया तो सबको काफी अच्छा लगा। एसडी बर्मन ने तो पहले ही टेक में उन्होंने पसंद कर लिया था। लेकिन, रफी को लगा कि यह परफेक्ट नहीं है। रफी साहब ने फिर 2-4 नहीं बल्कि 47 रीटेक लिए। इसके बाद जाकर उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ परफेक्ट किया है, तब यह गाना फाइनल हुआ। जब यह गाना बन गया तब एसडी बर्मन ने उन्हें गले लगाकर कहा कि तुमने हिंदी सिनेमा को एक अमर गीत दिया है।

### धुन बनाना भी था काफी मुश्किल

वैसे ऐसा भी कहा जाता है कि इस गाने की धुन को बनाना भी आसान नहीं था। एसडी बर्मन ने बेटे आर डी बर्मन और संगीतकार जयदेव ने देर रात 11 बजे तक काम किया था।

### छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग ने इस उपलब्धि को यादगार बना दिया

# छात्रों ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिलेभर में लहराया सफलता का परचम

*कला संकाय की छात्रा उमा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले भर में लहराया सफलता का परचम। क्रेसंट स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल कर एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया। विद्यालय का शानदार परिणाम पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व एवं खुशी का अवसर बन गया। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग ने इस उपलब्धि को यादगार बना दिया। कला संकाय की छात्रा उमा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि सारिका ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में नव्या ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में रोज़ल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए। 9 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक व 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।



फतेहाबाद। अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रधानाचार्या।

## राजकीय विद्यालय के 23 विद्यार्थियों ने पाई मेरिट, किए सम्मानित



फतेहाबाद। गांव हड़ौली में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हड़ोली के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की 12वीं कक्षा के आट्र्स संकाय के कुल 44 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की, वहीं कॉमर्स संकाय के 8 विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान बनाकर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। इसके अलावा 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के 2 विद्यार्थियों ने राजनीतिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन समिति एवं ग्राम पंचायत हड़ोली द्वारा मैडल व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनिल चिलाना ने किया। सम्मान समारोह के पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को खुली जीप में पूरे गांव में घुमाया गया, जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए तालियों और पुष्पवर्षा से अभिनंदन किया।

## डीएवी के होनहार छात्र सम्मानित



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर जिला पुलिस कप्तान निकिता खट्टर ने विशेष रूप से सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह लगन के साथ मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता पाने का सबसे मजबूत माध्यम है। विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के दम पर जिंदगी में किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी बखूबी समझना चाहिए।

## टैगोर मॉडल स्कूल का शानदार रहा परिणाम, 485 अंक लेकर शिविका प्रथम



**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं के घोषित परिणामों में टैगोर मॉडल स्कूल फतेहाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा सभी 26 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विशेष उपलब्धि यह रही कि 17 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान बनाकर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विद्यालय की छात्रा शिविका बिश्नोई ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। हर्षित ने 470, पलक ने 468, स्वास्तिक ओझा ने 463, याशिका ने 460, वेदिका ने 458 तथा कमल ने 457 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा हीना ने 452, ललित ने 442, संचित सिंह ने 440, ईशांत ने 424, कशिश ने 419, रजत ने 417, आदर्श ने 412, अभिषेक ने 410, निखिल ने 405 तथा अर्शदीप कौर ने 402 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## भोडिया खेड़ा विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत



**फतेहाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोडिया खेड़ा की बारहवीं कक्षा, कला संकाय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने से अध्यापकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और सभी को बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या नीलम रानी ने बताया कि विद्यालय की छात्रा सपना पुत्री देवी लाल ने 500 में से 488 अंक यानि 97.6 प्रतिशत प्राप्त कर जिले भर में इतिहास रच दिया है और प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, कोमल पुत्री राजीव ने 481 अंक, 96.2 प्रतिशत लेकर द्वितीय और सोमपति पुत्री भीरा राम ने 476 अंक यानि 95.2 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जवाहर नवोदय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**ओढां।** सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ां के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। कक्षा 12वीं में कुल 70 छात्र थे और सभी उत्तीर्ण हुए हैं। प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि कक्षा 10वीं के छात्रों ने 60 फीसदी से लेकर 75 फीसदी तक अंक प्राप्त किए। 53 छात्रों ने 75 फीसदी से लेकर 90 फीसदी तक अंक प्राप्त किए तथा 7 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में ज्योति ने 92.2 फीसदी के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में रेखा और किस्मत ने 91.8 प्रतिशत तथा 91.4 फीसदी अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वाणिज्य संकाय में आकाशदीप सिंह व विशाल ने 90.4 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशबू ने 87.2 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा केशव ने 86.8 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आदर्श हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**ओढां।** हरियाणा स्कूल एजुकेशन बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम घोषित हुआ जिसमें आदर्श हाई स्कूल ओढ़ां का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत से अच्छे अंक प्राप्त किए। स्कूल प्राचार्य ओमप्रकाश रोज ने बताया कि कक्षा दसवीं के रितिक ने 96 फीसदी, आरुषि ने 95 फीसदी, रसनदीप कौर ने 94.2 फीसदी, लताशा शर्मा ने 93.6 फीसदी, स्नेहा ने 93.4 फीसदी, महक ने 92 फीसदी, मनवीर ने 91.6 फीसदी, कल्पना 91 फीसदी, इशिका ने 91 फीसदी, जशनदीप कौर 90.4 फीसदी, जशनदीप सिंह ने 90.4 फीसदी, लक्ष्य ने 89 फीसदी, यादविंद्र सिंह ने 84.2 फीसदी, अनुराग ने 82 फीसदी और अभिनव ने 80.8 फीसदी अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कल्पना, जशनदीप, प्राची और अल्ताफ ने पंजाबी में 100 में से 100 अंक प्राप्त की किए। आदर्श हाई स्कूल ओढ़ां के प्रिंसिपल ओमप्रकाश रोज और समस्त स्टाफ सदस्यों ने अभिभावकों व बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## बोर्ड परीक्षा में छाया साहुवाला द्वितीय का स्कूल

**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहुवाला द्वितीय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक में परचम लहराया है। स्कूल प्रिंसिपल मंजू पूनिया ने बताया कि स्कूल के कुल 54 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। दीपिका सैनी ने 468/500 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, ब्रह्मानंद ने 453/500 अंक प्राप्त करके द्वितीय और महानी ने 449/500 प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं कक्षा के परिणाम में स्कूल की छात्रा प्रीति खंड नाथुसरी चोपटा की टॉपर बनी। प्राचार्या मंजू पूनिया ने बताया कि छात्रा प्रीति ने 480/500 (96 प्रतिशत) अंकों के साथ खंड में प्रथम स्थान, निशा ने 479/500 (95.8 प्रतिशत) अंकों के साथ खंड में द्वितीय स्थान और दिया ने 477/500 (95.4 प्रतिशत) अंकों के साथ खंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जैन स्कूल की छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**सिरसा।** शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिरसा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा लविका ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। महक ने 478 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा डिंपल ने 470 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल 74 छात्राओं में से 32 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इनमें से 08 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विशेष उपलब्धि हासिल की। पंजाबी एवं संस्कृत विषय में छात्राओं द्वारा 100 में से 100 अंक प्राप्त करना विद्यालय के लिए गौरव का विषय रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणुबाला व विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस शानदार सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षकों, परिश्रमी छात्राओं एवं सहयोगी अभिभावकों को दिया।



फतेहाबाद। तुलसी के पौधे वितरित करते क्लब सदस्य।

## जगजीवनपुरा पार्क में तुलसी वितरण कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** सिटी वैल्फेयर क्लब द्वारा जगजीवनपुरा पार्क में तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें युवा कार्यकर्ता अनुष्का मुंजाल, महिला विंग संरक्षक वीना भ्याना, अंजू बत्रा, रेनू जग्गा, डिंपल जग्गा, सुमन शर्मा ने लोगों को तुलसी के पौधे वितरित किए। उन्होंने तुलसी का महत्व बताते हुए बताया कि तुलसी का पौधा एक एंटीबायोटिक के तौर पर काम करता है जो बुखार, खांसी, जुकाम संबंधी जो भी रोग है, उनका नाश करता है और घर में तुलसी का पौधा लाभकारी भी माना जाता है। यह जो मौसम है, वह तुलसी के आगमन का मौसम होता है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उनकी संस्था इस मानसून सत्र में भी हजारों हर्बल पौधे वितरित व रोपित कर रही है और संस्था द्वारा योग मंदिर, सरकारी अस्पताल में भी हर्बल पार्क स्थापित किये गये है। इसके साथ-साथ शहर के पार्कों के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ डिवाइडरों पर भी 2 हजार पौधे संस्था द्वारा लगाए गए थे।

## चूरापोस्त तस्करी मामले में दोषी को 3 साल की सजा

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए दोषी को 3 वर्ष के कठोर कारावास तथा 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत में चले मामले के अनुसार पुलिस टीम ने मार्च 2018 में गश्त के दौरान सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम ने धांगड़ माइनर की पटरी पर खजूरी गांव की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से चार किलो डोडा पोस्त बरामद किया था। आरोपी की पहचान सुशील उर्फ कालू पुत्र राजाराम निवासी गिलां वाली ढाणी, धांगड़ के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## 23 सालों के बाद ज्येष्ठ माह में है शनिवारी अमावस्या

- शनि पूजन में होता है विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। आर्टिफिशियल फूलों, रंग बिरंगी लड़ियों व लाइटों मंदिर परिसर को भव्य रूप प्रदान किया गया है। 16 में शनिवार को आयोजित होने वाले शनि जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

यह जानकारी देते हुए प्राचीन श्री शनि धाम मंदिर के पुजारी चंद्र मोहन भृगुवंशी ने बताया कि इस बार ज्येष्ठ मास की अमावस्या शनिवार के दिन है , जिसका विशेष महत्व है। करीब 23 सालों के बाद ज्येष्ठ के महीने में शनिवार की अमावस्या आई है। जिस कारण इस अमावस्या का महत्व और भी बढ़ गया है। इस बार



शनि जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया जा रहा है।

श्री शनि देव मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य आनंद भार्गव ने बताया कि शनि जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार को प्रातः 8:00 बजे से हवन यज्ञ होगा, जिसमें विद्वान पंडितो द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ शनि देव जी व नवग्रहों की पूजा की जाएगी। तत्पश्चात शनिदेव जी का पूजन और तेल स्नान आरंभ किया जाएगा।

## फतेहाबाद का 'अपना घर' बना बेसहारा लोगों का सहारा

- कीर्ति नगर से रेस्क्यू किए गए मंदबुद्धि व्यक्ति को मिला जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और इस कथन को फतेहाबाद के बाईपास पर संचालित श्री सद्गुरु कृपा अपना घर मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पूरी निष्ठा के साथ सार्थक कर रहा है। पीड़ित मानव सेवा के इस पावन तीर्थ में आज एक और बेसहारा व्यक्ति को नया जीवन और छत नसीब हुई।

मिली जानकारी के अनुसार, फतेहाबाद के कीर्ति नगर इलाके में एक मंदबुद्धि व्यक्ति लावारिस और बेहद दयनीय हालत में घूम रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना मिलने के बाद सेवा धाम की रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची। बताया गया है कि वह व्यक्ति कई दिनों से भूखा-प्यासा था और उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे रेस्क्यू किया और आश्रम लेकर आई। आश्रम लाने के बाद सेवादारों ने सबसे पहले उस व्यक्ति को नहलाया-धुलाया और साफ कपड़े पहनाए।

इसके तुरंत बाद उसका मेडिकल चेकअप करवाया गया ताकि उसकी सेहत की स्थिति का पता चल सके। कई दिनों से भूखे उस व्यक्ति को प्रेमपूर्वक भोजन करवाया गया। अब वह आश्रम की सुरक्षित देखरेख में है। आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल व अशोक भुक्कर ने बताया कि वर्तमान में इस सेवा धाम में करीब 140 मंदबुद्धि, बेसहारा बुजुर्ग और महिलाएं रह रही हैं, जिनकी दिन-रात सेवा की जा रही है।

## दो दिवसीय नाम सिमरन समारोह को लेकर सेवादारों ने किया प्रचार

**रतिया।** बाबा नरेंद्र सिंह की बरसी के मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब अंगीठा साहिब नथवान में 2 दिवसीय नाम सिमरन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के गांवों व शहर में गुरुद्वारा के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा ताकि संगत बढ़ चढ़ कर शामिल हो। सेवादारों ने बताया कि 16-17 मई को सचखंडवासी बाबा नरेंद्र सिंह की बरसी मौके गुरूद्वारा साहिब में हर वर्ष नाम सिमरन समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें हरियाणा-पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से संगत शामिल होती है और नाम सिमरन करती है और बाहर से आने वाली संगत के ठहराव का भी प्रबंध किया जाता है। उन्होंने बताया कि नाम सिमरन समारोह में भाई गुरजीत सिंह आस्ट्रेलिया द्वारा सीधे प्रसारण के माध्यम से संगत को नाम सिमरन व गुरमत विचारों से जोडक़र निहाल करेंगे व भाई रूपिंद्र सिंह लुधियाना नथवान में हाजिरी भर कर संगत को नाम सिमरन से जोड़ेंगे।

## हैंडबुक ऑफ इनफार्मेशन का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की हैंडबुक ऑफ़ इनफार्मेशन का विमोचन किया तथा दाखिले से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल को लांच किया। यूनिवर्सिटी इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, डाटा एंड कंप्यूटर सेंटर (यूआईटीडीसी) की सिस्टम मैनेजर डॉ. सरोज मेहता व जूनियर प्रोग्रामर गुलशन ने इस संबंध में प्रेजेंटेशन दी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से दाखिला कमेटी व उपस्थितजनों के समक्ष ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया की विभिन्न जानकारियों को बारीकी के साथ सांझा किया। प्रो. विजय कुमार ने इस प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाने के निर्देश दिए और कहा कि आवेदकों को ऑनलाइन दाखिले से संबंधित जानकारी प्रदान करने व ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय में विभागीय स्तर एवं यूआईटीडीसी में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर यूआईटीडीसी सेल द्वारा दी गई प्रेजेंटेशन में बताया गया कि विभिन्न विभागों को यूजर आईडी प्रदान कर दी जाएगी और विभागों से दाखिलों से संबंधित डॉक्यूमेंट वेरीफाई होने के उपरांत मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। स्नातक (यूजी) में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी शुक्रवार से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दाखिलों से संबंधित लिंक पर क्लिक करके आवेदन कर सकेंगे।



सिरसा। वीसी प्रो. विजय कुमार हैंडबुक ऑफ इनफार्मेशन का विमोचन करते।

### ये दिए निर्देश

कुलपति ने यूआईटीडीसी के अधिकारियों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान नजर बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि यदि इस प्रक्रिया के दौरान कोई भी त्रुटि आती है तो उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। बैठक के दौरान दाखिला प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावशाली बनाने के सुझाव भी प्राध्यापकों द्वारा दिए गए। बैठक का संचालन कुलगुरु के तकनीकी सलाहकार प्रोफेसर पंकज शर्मा द्वारा किया गया।

### धरने पर पहुंच एसडीएम ने किसानों को शांत करने का किया प्रयास

## नायब तहसीलदार के खिलाफ धरना दे रहे किसानों ने बजाए ढोल

- किसान बोले, सोये प्रशासन को जगाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

नायब तहसीलदार विचित्र नंद की कार्यप्रणाली के विरोध और उनके तुरंत तबादले की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ का तहसील कार्यालय परिसर में चल रहा धरना आज तीसरे दिन भी पूरी तरह से गरमाया रहा। धरने की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल ने की, जिसमें भारी संख्या में किसानों ने हिस्सा लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के मुख्य प्रवक्ता राम जाट ने प्रशासनिक उदासीनता पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार की मनमानी और गलत कार्यप्रणाली के विरोध में किसान पिछले तीन दिनों से तपती धूप में धरने पर बैठे हैं, लेकिन गूंगे-बहरे प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। तीन दिनों के भीतर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी किसानों की सुध लेने या उनसे बातचीत करने धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि अब पानी सिर से ऊपर जा चुका है, इसलिए सोए हुए प्रशासन को नींद से जगाना बेहद जरूरी हो गया है। इसी रणनीति के तहत किसानों ने ऐलान किया कि वे अब चुप नहीं बैठेंगे और ढोल-नगाड़े बजाकर एसडीएम कार्यालय की ओर कूच करेंगे तथा वहीं जाकर अपना मांग पत्र सौंपेंगे। जैसे ही आक्रोशित किसानों ने प्रशासन को जगाने के लिए ढोल-नगाड़े बजाने शुरू किए और एसडीएम कार्यालय की तरफ कदम बढ़ाए, वैसे ही प्रशासनिक अमले में हडक़ंप मच गया। किसानों के तेवर भांपते हुए एसडीएम सुरेंद्र सिंह तुरंत खुद चलकर किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद किसान नेताओं से बातचीत की, उनकी सभी समस्याओं व मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और उनका मांग पत्र लिया।



रतिया। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

### रिपोर्ट प्रदेश सरकार के पास भेज चुके

इस दौरान एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने प्रशासन का पक्ष रखते हुए किसानों को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला उपायुक्त ने किसानों की मांगों और नायब तहसीलदार के मामले से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट पहले ही प्रदेश सरकार के पास भेज दी है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले में तेजी लाने के लिए आज ही सरकार को दोबारा एक रिमाइंडर भेजेंगे, ताकि उच्च स्तर पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो सके। हालांकि, एसडीएम के इस आश्वासन से किसान पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुए। किसानों ने एसडीएम को दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक नायब तहसीलदार का तबादला यहां से नहीं हो जाता, तब तक उनका यह धरना अनवरत जारी रहेगा। किसानों ने साफ कर दिया कि वर्तमान में नायब तहसीलदार कार्यालय में मौजूद नहीं हैं, लेकिन जैसे ही वे ड्यूटी पर आएंगे, किसान उन्हें उनके कार्यालय में प्रवेश नहीं करने देंगे और न ही कुर्सी पर बैठने दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल व नकदी छीनने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने मोबाइल फोन और नकदी छीनने की वारदात को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को दबोचने में कामयाबी पाई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहित उर्फ चेला, सूरज उर्फ लांडी और जसनप्रीत उर्फ जसन के रूप में हुई है। ये तीनों आरोपी जाखल की गुरुद्वारा बस्ती के रहने वाले हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह 13 मई की रात मजदूरों को लेने के लिए रेलवे स्टेशन जाखल जा रहा था। जब उसने रेलवे स्टेशन अंडरब्रिज के नीचे अपनी गाड़ी खड़ी की और पैदल स्टेशन की तरफ बढने लगा, तभी 4-5 अज्ञात युवकों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर उसका मोबाइल फोन और 3 हजार की नकदी छीन ली।

### जिला अस्पताल से बाइक चोरी में तीन आरोपी पकड़े

**फतेहाबाद।** सरकारी अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान निर्मल सिंह निवासी नरनगढ़, जिला जींद, अजय और विक्रम उर्फ विक्की निवासी कलवान, जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### लिंगानुपात सुधारने के लिए बनाई रूपरेखा

**सिरसा।** जिले के गांव सिकंदरपुर में लिंगानुपात सुधार पर मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में एएमओ, सीएचओ, एलएचडब्ल्यू, एएनएम, आशा वर्कर्स, आरएमपी डॉक्टर, मेडिकल संचालक व यूथ क्लब व गांव की पंचायत मौजूद रही। मीटिंग में लगातार गिर रहे लिंगानुपात को लेकर विस्तार से चर्चा की गई । सभी ने लिंगानुपात में सुधार के लिए हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

### युवक 1630 नशीली गोलियां सहित काबू

**सिरसा।** पुलिस व ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने गांव सुरतिया क्षेत्र में एक युवक को काबूकर उसके कब्जे से 1630 नशीली गोलियां बरामद की हैं। पुलिस टीम शुक्रवार को नियमित गश्त पर थी कि उसे सूचना प्राप्त हुई कि गांव सुरतिया निवासी एक युवक कपड़े सिलाई के साथ-साथ नशे में प्रयुक्त होने वाली प्रतिबंधित दवाएं सप्लाई करने का भी अवैध धंधा भी करता है। सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव सुरतिया स्थित आरोपी जग्गा सिंह के घर पर दबिश दी।

### दो हिंदी सह प्राध्यापकों ने किया कार्यभार ग्रहण

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज में हिंदी विषय में चयनित दो नए सह प्राध्यापकों सूरज रंजन व रमन देवी ने कार्यभार ग्रहण किया। कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि सूरज रंजन ने स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय स्नात्कोत्तर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से की है तथा पीएचडी झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची से कर रहे हैं।

## खातों में करोड़ों, जेब में नहीं नकदी, बैंकों में गहराया संकट

# गेहूं की पेमेंट के लिए किसान हो रहे परेशान, बैंक में कैश नहीं

सरकार ने जिले के करीब 73 हजार किसानों के खातों में ट्रांसफर किए 1800 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गेहूं खरीद का भुगतान आने के बाद जिले के बैंकों में नकदी संकट गहरा गया है। सरकार ने गेहूं की एवज में जिले के करीब 73 हजार किसानों के खातों में 1800 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं, लेकिन बैंकों के पास मांग के मुकाबले पर्याप्त करंसी उपलब्ध नहीं होने से किसान, व्यापारी और पेंशनर्स परेशान हैं। हालात यह हैं कि खातों में लाखों रुपये जमा होने के बावजूद लोगों को अपनी जरूरत के मुताबिक नकद नहीं मिल पा रहा। कई खाताधारकों ने बताया कि वे ढाई लाख रुपये निकालने पहुंचे, लेकिन बैंक ने केवल 50 हजार रुपये ही दिए। कुछ जगह बुजुर्ग पेंशनर्स को अपनी पेंशन निकालने के लिए कई-कई बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बैंक शाखाओं में जमा राशि होने के बावजूद ग्राहकों को केवल 20 से 25 प्रतिशत तक ही भुगतान किया जा रहा है। किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए खाद, बीज और मजदूरी का इंतजाम करना है, जबकि व्यापारियों को खरीद-फरोख्त और भुगतान के लिए नकदी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। गांवों से बड़ी संख्या में किसान बैंक शाखाओं में पहुंच रहे हैं, लेकिन कैश खत्म होने के कारण कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। एटीएम भी कुछ घंटों में खाली हो रहे हैं, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने किसानों के खातों में समय पर भुगतान तो कर दिया, लेकिन बैंकों में नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई। एक साथ बड़ी राशि खातों में आने के बाद कैश मैनेजमेंट की तैयारी नहीं होने से यह संकट खड़ा हुआ है। जिले में कृषि गतिविधियों के चलते नकदी की मांग सामान्य दिनों से कहीं ज्यादा है।



**फतेहाबाद।** जीटी रोड स्थित केनरा बैंक। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं के पैसे खाते में आते ही बढ़ी निकासी की मांग, ऐसे बढ़ा दबाव

दरअसल, गेहूं खरीद सीजन के बाद सरकार ने समर्थन मूल्य का भुगतान सीधे किसानों के खातों में भेजा है। जिले में बड़ी संख्या में किसानों के खातों में एक साथ राशि आने से नकद निकासी की मांग अचानक बढ़ गई। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान बीज, खाद, मजदूरी और घरेलू खर्च के लिए नकदी पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में भुगतान आते ही बैंक शाखाओं पर दबाव कई गुना बढ़ गया। ग्राहकों के अनुसार, परेशानी सिर्फ बैंक शाखाओं तक सीमित नहीं है। कई एटीएम भी कुछ ही घंटों में खाली हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के एटीएम में समय पर कैश नहीं भरे जाने से लोगों को शहर की शाखाओं का रुख करना पड़ रहा है। इससे शहर के बैंकों में भीड़ और बढ़ गई है।

### बैंकों की कैश मिसमैनेजमेंट

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार खातों में पैसा डालने की व्यवस्था तो समय पर कर रही है, लेकिन उसी अनुपात में बैंक शाखाओं में नकदी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। किसानों ने सवाल उठाया कि जब करोड़ों रुपये खातों में जमा कराए गए हैं तो नकदी प्रबंधन की तैयारी पहले से क्यों नहीं की गई।

### शादियों के सीजन में कैश की बढ़ी डिमांड

बैंकिंग सूत्रों के अनुसार, प्रदेश स्तर पर किसानों के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर होने के बाद ग्रामीण जिलों में नकद निकासी बढना स्वाभाविक है। फतेहाबाद जैसे कृषि प्रधान जिले में इसका असर अधिक दिखाई दे रहा है। शादी-ब्याह का सीजन और खेती के अगले दौर की तैयारियों ने भी नकदी की मांग बढ़ाई है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अस्थायी है और रिजर्व कैश की अतिरिक्त आपूर्ति की जा रही है। अगले कुछ दिनों में हालात सामान्य होने की उम्मीद है। हालांकि, ग्राहकों का कहना है कि जब तक शाखाओं और एटीएम में पर्याप्त नकदी नहीं पहुंचेगी, तब तक खातों में पैसा होने के बावजूद लोगों की परेशानी खत्म नहीं होगी।

### बैंकों में पनपी कैश की किल्लत : एलडीएम

फतेहाबाद के एलडीएम लहरी मल ने माना कि बैंकों में कैश की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बैंक लगातार उच्चाधिकारियों और चेस्ट बैंकों के संपर्क में हैं। उन्हें आश्वासन मिला है कि अगले सप्ताह तक करंसी सप्लाई सामान्य हो सकती है। तब तक ग्राहकों से सहयोग की अपील की गई है। बैंकिंग जानकारों का कहना है कि जब किसी कृषि प्रधान जिले में एक साथ बड़ी राशि किसानों के खातों में आती है तो नकद निकासी तेजी से बढ़ती है। फतेहाबाद में भी यही स्थिति बनी है। लेकिन इस बार करंसी सप्लाई कम होने से संकट गहरा गया है। खातों में पैसा होने के बावजूद लोग अपनी मेहनत की कमाई निकालने के लिए भटक रहे हैं।


**फतेहाबाद।** लोगों को उनके मोबाइल लौटाते एसपी निकिता खट्टर।

### साइबर पुलिस की सफलता: तकनीक की मदद से 9 गुमशुदा मोबाइल किए बरामद

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद साइबर थाना पुलिस ने आधुनिक तकनीक और सतर्कता का सटीक तालमेल बिठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से गुम हुए 9 मोबाइल फोन रिकवर कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं। बरामद किए गए इन स्मार्टफोन्स की अनुमानित कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने स्वयं सभी मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे। अपना खोया हुआ कीमती फोन और उसमें मौजूद जरूरी डेटा वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी लौट आई। साइबर थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इन मोबाइलों को ढूंढने के लिए आईएमईआई ट्रैकिंग, लोकेशन एनालिसिस और डिजिटल सर्विलांस जैसी उन्नत तकनीकों का सहारा लिया। टीम ने शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डेटा का गहन विश्लेषण किया और लगातार फॉलो-अप लेकर इन फोनों को ट्रेस करने में सफलता हासिल की। फोन वापस पाने वाले नागरिकों ने फतेहाबाद पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने के बाद उन्हें काफी मानसिक और आर्थिक परेशानी हो रही थी, लेकिन पुलिस की तत्परता ने उनकी इस चिंता को दूर कर दिया। मोबाइल फोन पाने वालों में देवराज रतिया, पवन कुमार निवासी हंस कॉलोनी, फतेहाबाद, वीरा फतेहाबाद, जयप्रकाश निवासी अग्रवाल कॉलोनी, फतेहाबाद, संतोष निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद, सुखबीर निवासी खजूरी जाटी, सुमन निवासी फतेहाबाद, गुलशन निवासी भिरड़ाना तथा चरणजीत कौर अहरवां शामिल हैं।

### टेलीग्राम टास्क के नाम पर लाखों की ठगी, साइबर पुलिस ने पंजाब से एक और आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन टास्क के जरिए घर बैठे मोटी कमाई का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने वाले गिरोह के खिलाफ फतेहाबाद साइबर क्राइम पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान खुशप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब के पटियाला जिले की समाना तहसील के गांव कुलबरशा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। गौरतलब है कि इस बड़े साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस अब तक 6 आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि फतेहाबाद की मातूराम कॉलोनी के रहने वाले राजकुमार यादव ने साइबर पोर्टल पर इस ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसे टेलीग्राम ऐप पर एक मैसेज मिला था, जिसमें ऑनलाइन टास्क जैसे वीडियो लाइक करने और रिव्यू देने के बदले अच्छे पैसे कमाने का लालच दिया गया था।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

- फतेहाबाद डीसी कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर आज से दो दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल शुरू हो गई है। हड़ताल के पहले दिन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह ठप्प रखा और जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया। फतेहाबाद में इस धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनील कुमार ने की और मंच का संचालन हरपाल सिंह द्वारा किया गया। धरने को संबोधित करते हुए सीटू के जिला कन्वीनर ओमप्रकाश अनेजा, बेगराज ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार लगातार उनकी आवाज को अनसुना कर रही है। कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट सत्र और मुख्यमंत्री के साथ हुई वार्ताओं में जो आश्वासन मिले थे, उन्हें आज तक धरातल पर लागू नहीं किया गया है।


**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय के बाहर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### ये है प्रमुख मांगें

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगों में सभी कच्चे सफाई कर्मियों को एक कलम से पक्का करना, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करना और 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की स्थाई भर्ती करना और कर्मचारी मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26,000 और 27,000 रुपये मासिक वेतन को लागू करने, वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता व औजारों के भत्ते में बढ़ोतरी करने तथा हर महीने की 7 तारीख तक मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा, यूनियन ने मांग की है कि विभाग में एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू कर मृतक कर्मचारी के परिजन को स्थाई नौकरी शामिल है।

# सैलजा ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती मामले में हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत

- भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं पर उठ रहे थे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा एचपीएससी की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया और संबंधित विज्ञापन को रद्द किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सांसद ने कहा कि लंबे समय से हरियाणा के युवा भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं, बड़ी संख्या में खाली छोड़े गए पदों तथा इंटरव्यू प्रक्रिया को लेकर सवाल उठा रहे थे और अब अदालत के फैसले ने इन चिंताओं को गंभीरता से स्वीकार किया है।

### 35% पात्रता मानदंड भर्ती प्रक्रिया में अड़चन

सांसद सैलजा ने शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में कहा कि हालांकि हाई कोर्ट का फैसला युवाओं के संघर्ष को मजबूती देने वाला है, लेकिन वास्तविक जीत उस दिन मानी जाएगी जब एचपीएससी द्वारा लागू किया गया 35 प्रतिशत पात्रता मानदंड पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यही वह सबसे बड़ा कारण है जिसकी वजह से हजारों योग्य अभ्यर्थियों को इंटरव्यू तक पहुंचने का अवसर नहीं मिल पा रहा। जब प्रदेश में नेट, पीएचडी, जेआरएफ और वर्षों का शिक्षण अनुभव रखने वाले हजारों युवा मौजूद हैं, तब अत्यधिक कठोर पात्रता मानदंड लगाकर बड़ी संख्या में पद खाली छोडना युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। सांसद ने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में 2424 पद विज्ञापित किए गए थे, लेकिन बड़ी संख्या में पद रिक्त छोड़ दिए गए। साथ ही सैलजा ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में हुई भारी बढ़ोतरी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार ने जनता से वसूली शुरू कर दी है। सांसद ने कहा कि चुनावों तक राहत का दिखावा करने वाली भाजपा सरकार अब आम आदमी की जेब पर सीधा हमला कर रही है।


**सिरसा।** राष्ट्रीय किसान मंच सीएम को ज्ञापन सौंपते हए।

### ओटू हेड की खुदाई व नहरों की सफाई पर राष्ट्रीय किसान मंच ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** राष्ट्रीय किसान मंच की ओर से सिरसा दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को किसानों की मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। मंच के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़, लक्खा सिंह, हरजिंद्र सिंह नानुआना ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि ओटू हैड की खुदाई की जाए, ताकि ज्यादा पानी का स्टोरेज हो सके। ओटू हैड घग्घर से निकलने वाली सभी नहरों की सफाई करवाई जाए। घग्घर नदी के सभी बांध मजबूत किए जाए ताकि नदी के उफान आने पर किसानों की फसलों व गांव को नुक्सान न हो सके। लंहगेवाला गांव से घग्घर नदी से भीमां, मत्तड़, अलीकां, थिराज, बीरूवाला आदि गांव तक फल्डी नहर निकाली जाए ताकि इस इलाके में पानी से सिंचाई करने में सहायता मिल सके। सभी नहरों में 15 दिन पानी दिया जाए।

# मनरेगा बहाली के लिए जिले के 50 से अधिक गांवों में पंचायतों को सौंपे ज्ञापन

- हस्ताक्षर अभियान चलाकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनरेगा बहाली की राष्ट्रीय ग्रामीण हड़ताल के आह्वान पर आज फतेहाबाद जिले के 50 से ज्यादा गांवों में ग्रामीण गरीबों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों ने एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए ग्राम पंचायतों के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे। इस देशव्यापी आंदोलन के तहत फतेहाबाद जिले के विभिन्न ब्लॉकों में मजदूरों को लामबंद किया गया। पंचायतों को ज्ञापन सौंपने के इस अभियान की अगुवाई अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दलबीर सिंह आजाद, प्यारा राम म्योंद, खुशी राम साधनवास, दिल्ली केंद्रीय कार्यालय से आए साहिल, मंजीत कौर, जगदीश शर्मा रामसरा, जयकिशन दैयड, दया सिंह धारसूल, फूल सिंह फूलां, अमर सिंह, पंजाब सिंह और मुख्तयार सिंह तलवाड़ा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने की।


**फतेहाबाद।** पंचायतों को ज्ञापन सौंपते मनरेगा मजदूर।

### निर्माणाधीन मकान से बिजली फिटिंग के तार चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने कांडा कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन मकान से बिजली फिटिंग की तार चुराने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि गांव जोगीवाला निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कांडा कॉलोनी में मकान का निर्माण कर रहा है। बीती 30 अप्रैल की रात्रि को अज्ञात युवक उसके निर्माणाधीन मकान में घुस गए और मकान में बिजली फिटिंग की तार चोरी कर मौका से फरार हो गए। थाना शहर सिरसा में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी लवप्रीत निवासी रंगडी रोड सिरसा व राजू निवासी बाहिया हाल प्रेमनगर सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी नशा करने की आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए ही उन्होंने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों से पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर बिजली फिटिंग की तार बरामद कर ली गई है।



### नीट परीक्षा रद्द व पेपर लीके होने के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**सिरसा।** नीट परीक्षा रद्द होने और लगातार पेपर लीक होने के विरोध में युवा कांग्रेस ने रोष प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस समर्थक शुक्रवार को लघु सचिवालय के मेन गेट से पैदल मार्च निकालते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचे। हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि इस पेपर लीक माफिया को पकडने के लिए भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ जो ठगी की है। उसका विरोध करने को युवा साथी सिरसा में सडक़ों पर इक_ा हुए है। पेपर रद्द होने से युवा मानसिक रूप से परेशान हुए है। यूथ कांग्रेस से मोहित शर्मा ने बताया कि सबसे ज्यादा युवा परेशान है, जो इतनी दूर-दूर जाकर पढ़ाई करता है और मेहनत करता है। माता-पिता पढने के लिए बाहर भेज देते हैं और बाद में पेपर लीक हो गया या कैंसिल हो गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## बीजेपी जिलाध्यक्ष ने साधा निशाना, 28 मई तक अमेरिका में रुकेंगे बलवान

# पीएम की अपील दरकिनार कर विदेश यात्रा पर निकले कांग्रेस विधायक

करीबी मित्र के बेटे के विवाह समारोह व जन्मदिन के लिए अमेरिका गए दौलतपुरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद से कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के विदेश दौरे को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुछ समय तक विदेश यात्रा न करने की अपील को नजरअंदाज करते हुए विधायक दौलतपुरिया अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वह वहां 28 मई तक रुकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया अपने एक करीबी मित्र के बेटे के विवाह समारोह और जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार को रवाना हुए। विधायक के निजी सचिव धीरज शर्मा ने इस यात्रा की पुष्टि करते हुए बताया कि विधायक अपने मित्र के विशेष आग्रह पर वहां गए हैं और वह 28 मई को वापस लौटेंगे। विधायक ने खुद भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपनी यात्रा की जानकारी साझा की। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि वह 15 मई से 28 मई तक अमेरिका में रहेंगे, हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी टीम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहेगी। एक तरफ जहां विधायक के समर्थक इसे उनका निजी दौरा बता रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बीजेपी इसे जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ करार दे रही है।


**फतेहाबाद।** ई-रिक्शा में सफर करते बीजेपी जिलाध्यक्ष व विदेश यात्रा पर रवाना होते कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा नेताओं ने निजी वाहन छोड़ ई-रिक्शा से किया सफर

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री मोदी की पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की अपील पर अमल करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा व पूर्व विधायक दुड़ाराम ने एक नई पहल की है। पर्यावरण और देशहित का संदेश देने के लिए प्रवीण जोड़ा अपनी पत्नी के साथ घर से पैदल निकले और फिर जवाहर चौक से ई-रिक्शा पकडक़र भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर प्रवीण जोड़ा ने कहा वैश्विक युद्ध और ईंधन की कमी जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी ने अपने काफिले छोटे कर देश को एक बड़ा संदेश दिया है। जिलाध्यक्ष जोड़ा ने स्थानीय विपक्षी विधायक पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जहां एक ओर सरकार देश को संकट से बचाने के प्रयास कर रही है, वहीं विपक्षी नेता विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं।